आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 24.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- राज्य में सात विधानसभा सीटों पर उप चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा की–भाजपा आज चौरासी सीट पर कर सकती है अपने उम्मीदवार का ऐलान।
- निर्वाचन विभाग ने आदर्श आचार संहिता की पालना के मददेनजर उप चुनाव वाले जिलों में अब तक साढ़े तेरह करोड़ रूपए से अधिक की अवैध सामग्री जब्त की।
- दिवाली और अन्य त्यौहारों को देखते हुए मिलावटखोरी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर की जा रही है कार्रवाई।
- जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में चल रहा लोकरंग उत्सव परवान पर।

0000

प्रदेश में सात विधानसभा सीटों पर होने वाले उप चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने सभी प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। कल देर रात जारी सूची के अनुसार पार्टी ने रामगढ़ से आर्यन जुबेर, झुंझुनूं से अमित ओला, देवली उनियारा से कस्तुर चन्द मीणा, दौसा से दीनदयाल बैरवा, खींवसर से रतन चौधरी, सलुंबर से रेशमा मीणा और चौरासी से महेश रोत को अपना उम्मीदवार बनाया है। उधर भाजपा चौरासी सीट को छोडकर अन्य सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा पहले ही कर चुकी है। कल नामांकन भरने का आखिरी दिन है। ऐसे में आज देर शाम तक भाजपा चौरासी से अपने प्रत्याशी की घोषणा कर सकती है। गौरतलब है कि इन सात सीटों पर उप चुनाव के तहत 13 नवंबर को मतदान होगा जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी।

0000

विधानसभा उपचुनाव के दौरान स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव कराने के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग अवैध नकदी, शराब, नशीले पदार्थ और अन्य अवैध सामग्री के वितरण पर कड़ी नजर बनाये हुए है। उप चुनाव के क्षेत्र वाले सातों जिलों में अब तक साढे तैरह करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अवैध नकदी सहित अन्य सामग्री जब्त की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि 15 अक्टूबर को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद, उड़न दस्तों, स्थैतिक निगरानी टीमों और अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों की ओर से अवैध वस्तुओं के परिवहन पर लगातार कड़ी नजर रखी गई है। कल तक पकड़ी गई अवैध सामग्री में ढाई करोड़ रुपये नकद राशि है। 1 करोड़ से ज्यादा रूपये की अवैध शराब और लगभग डेढ़ लाख रुपये कीमत के नशीले पदार्थ शामिल है। सातों क्षेत्रों में उपचुनाव के दौरान प्रत्याशियों के चुनावी खर्च पर नियंत्रण और निगरानी के लिए चुनाव आयोग ने पर्यवेक्षक नियोजित कर दिए हैं। सभी निर्वाचन क्षेत्रों के लिए एक–एक सामान्य पर्यवेक्षक और 4 पुलिस पर्यवेक्षक सहित कुल 11 पर्यवेक्षक नियोजित किए गए हैं। सभी 7 क्षेत्रों में उड़न दस्तों और स्थानिक निगरानी दल के रूप में 72–72 टीमें निगरानी कर रही हैं। पुलिस और आबकारी विभागों ने अंतर्राज्य और अंतर्जिला नाके भी बनाए है, जिन पर वाहनों की सघन जांच की जा रही है।

0000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार, चाणक्य रक्षा संवाद के दूसरे संस्करण का उद्‌घाटन करेंगे। वह भारतीय सेना की हरित पहल और सेना के डिजिटीकरण के पहले चरण का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान रक्षा मंत्री विकास और सुरक्षा के लिए भारत के दृष्टिकोण पर एक व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे, जिसमें 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में व्यापक सुरक्षा के महत्व का उल्लेख किया जाएगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में नीति निर्माता, रणनीतिक विचार, शिक्षाविद, रक्षाकर्मी, कई दिग्गज और वैज्ञानिक शामिल होंगे। अमेरिका, रूस, इज़राइल और श्रीलंका के प्रमुख वक्ता भी संवाद में भाग लेंगे।

0000

दिवाली और अन्य आगामी त्यौहारों को लेकर खाद्य विभाग और चिकित्सा विभाग खाद्य पदार्थो में मिलावट की रोकथाम के लिए सघन अभियान चला रहा है। **शुद्व आहार मिलावट पर वार** अभियान के तहत जयपुर में खाद्य सुरक्षा दल ने कल विभिन्न प्रतिष्ठानों से घी और मिठाइयों के नमूने लेकर जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला में भिजवाया है। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर (प्रथम) डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि कल जयपुर के हसनपुरा और विद्याधर नगर के विभिन्न प्रतिष्ठानों

पर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान दुकानदारों को साफ सफाई रखने और उच्च गुणवत्ता वाले दूध के मावे का ही उपयोग करने के निर्देश दिए गए। उधर अजमेर में भी विभाग ने पुष्कर और बांसेली सहित कई स्थानों पर मिठाई, सूखे मेवे और बेकरी उत्पादों के नमूने लिए है। दुकानदारों को डिब्बा तौलने, कम माप–तौल और पैकेजिंग नियमों में तय मापदंडों के अनुसार बिक्री करने के निर्देश दिए गए है। विधिक माप अधिकारी भावना दयाल ने बताया कि अनियमिताए पाए जाने पर 5 प्रतिष्ठानों पर 22 हजार 500 रूपए का जुर्माना लगाया गया है। झालावाड में भी विभिन्न खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका को देखते हुए कई स्थानों से खाद्य पदार्थों के सैम्पल लिए जा रहे है। विभाग ने कल कार्यवाही करते हुऐ बस स्टेण्ड के पास निर्भय सिंह चौराहे पर 120 किलों नकली मिलावटी केक जब्त कर उसे नष्ट करवाया।

0000

जैसलमेर में आज से धनवंतरि आरोग्य सप्ताह मनाया जा रहा है। राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद पर व्याख्यान दिया जाएगा। वहीं आगामी दिनों में प्रकृति परीक्षण पर व्याख्यान, रैली, दौड़, चिकित्सा शिविर सहित विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। 29 अक्टूबर को भगवान धनवंतरि का विधि विधान से पूजन किया जाएगा।

0000

प्रदेशभर में आज अहोई अष्टमी का पर्व परम्परागत श्रद्धा भाव के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर महिलाएं अपने बच्चों की दीर्घायु और परिवार में सुख, समृद्धि और शांति की कामना को लेकर अहोई माता की पूजा अर्चना कर रही हैं। हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि महिलाओं ने आज निर्जला व्रत रखा है जिसे वे रात को तारों को अर्ध्य देकर खोलेंगी।

0000

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में चल रहा लोकरंग उत्सव परवान पर है। कल तमिलनाडु के कलाकारों की थपट्टम नृत्य की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस दौरान अरुणाचल प्रदेश का रिखमपदा नृत्य, राजस्थान का चकरी नृत्य और गुजरात के कलाकारों ने गुजराती भवाई के रूप में प्रसिद्ध केरबा नो वेश की प्रस्तुति दी। उधर शिल्पग्राम में हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है। शिल्पग्राम में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कल मांगणियार गायन, लोक नृत्य, कालबेलिया, मोरचंग, चकरी, जादू और मयूर नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

0000

सवाईमाधोपुर जिले में कृषि विभाग की ओर से कल एक कार्यशाला आयोजन किया गया। कार्यशाला में मोटा अनाज सहित अन्य पोषक अनाजों के उत्पादन में बढोतरी, मूल्य संवर्धन, घरेलू उपयोग में वृद्धि और जागरूकता बढाने के लिए जानकारी दी गई। कार्यशाला में वीडियो फिल्म और पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन माध्यम से किसानों को जागरूक किया गया।

इस दौरान किसानों को मिलेट से बने लड्डू, बर्फी, केक, मठरी और बाटी भी परोसी गई। साथ ही मोटा अनाज से बने उत्पाद तैयार करने वाले स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। इस कार्यशाला में 100 से अधिक किसानों ने भाग लिया।

0000

आकाशवाणी समाचार के पूर्व महानिदेशक पी.के. बंद्योपाध्याय का कल कोलकाता में दिल का दौरान पडने से निधन हो गया। भारतीय सूचना सेवा के पूर्व अधिकारी श्री बंद्योपाध्याय ने आकाशवाणी समाचार, प्रेस सूचना ब्यूरो सहित सूचना और प्रसारण मंत्रालय की विभिन्न मीडिया इकाइयों में अपनी सेवाएं दी थी।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कडी होगी।

0000

जैसलमेर में हाल ही में हुई अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत के लिए 13 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की गई है। स्वीकृत राशि में से 3 करोड़ 98 लाख रुपए अतिवृष्टि से खराब हुई सड़कों की मरम्मत और 9 करोड़ से ज्यादा रुपए सड़को की स्थाई मरम्मत के लिए आवंटित किए गए हैं।

0000